www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-255 | सागवाड़ा, गुरूवार, 2 जून, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# डूंगरपुर शहर में गूंजे वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप के जयकारे

**जयंती पर राजपूत व सर्व समाज ने शहर में निकाली विशाल शोभायात्रा, राजपूत छात्रावास में हुआ कार्यक्रम**





**डूंगरपुर।** जिले में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही धूम-धाम से मनाई जा रही है। इसी कड़ी में वागड़ क्षत्रिय महासभा व सर्व समाज की ओर से डूंगरपुर शहर में महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा प्रताप की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। प्रताप सर्किल से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। इस दौरान पूरा शहर महाराणा प्रताप के जयकारो से गूंज उठा। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की आज डूंगरपुर जिले भर जयंती मनाई जा रही है। इस दौरान राजपूत समाज की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत डूंगरपुर शहर में वागड़ क्षत्रिय महासभा व सर्व समाज की ओर से डूंगरपुर शहर में महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा प्रताप की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले राजपूत व सर्व समाज के लोग शहर के प्रताप सर्किल पर एकत्रित हुए। जहा पर लोगो ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये वही उनके जयकारे लगाये।

वही इसके बाद प्रताप सर्किल से महाराणा प्रताप की विशाल शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा प्रताप सर्किल से शुरू होकर नया अस्पताल, सदर थाना सर्किल, हाउसिंग बोर्ड, पत्रकार कॉलोनी, नया बस स्टैंड होते हुए शास्त्री मार्ग, तहसील चौराहा, गेप सागर की पाल, हनुमान जी का ढाला, नगरपरिषद से होकर गुजरी।

वही इसके बाद पुराना शहर में भ्रमण करते हुए शोभायात्रा पुराना बस स्टैंड पर राजपूत समाज के छात्रावास में जाकर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में राजपूत समाज व सर्व समाज के लोग सफेद कपड़ो व केसरिया साफे लगाकर शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान पूरा शहर महाराणा प्रताप के भजनों व जयकारो से गूंज उठा। इधर शोभायात्रा के बाद राजपूत समाज के छात्रावास में महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान महाराणा प्रताप की वीरता, गौरव व बलिदान को याद किया गया।

## जहरीले जीव के काटने से महिला की हुई मौत, खेत पर काम करते समय हुआ हादसा

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के थाणा गांव में खेत पर काम करते हुए जहरीले जीव के काटने से एक महिला की मौत हो गई। इधर मृतका के पीहर पक्ष ने मौत पर संदेह जताया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी दिलीप दान चारण ने बताया की थाणा निवासी 32 वर्षीय राजेन्द्र पिता गला जी पटेल ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में राजेन्द्र पटेल ने बताया की उसकी शादी वर्ष 2015 में भैराभाई मांडवा निवासी रेखा से हुई थी। शादी से उनके। साल का एक बेटा भी है। राजेन्द्र पटेल ने बताया की आज उसकी पत्नी रेखा पटेल खेत पर काम करने के लिए गई थी। कुछ देर बाद गाँव के कचरू लाल पिता धनजी पटेल ने उसकी पत्नी रेखा को खेत पर बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ देखा। जिस पर कचरू पटेल ने मामले की जानकरी राजेन्द्र पटेल को दी। सुचना पर राजेन्द्र पटेल व अन्य परिजन खेत पर पहुंचे और खेत में रेखा को पड़ा हुआ देखा। इसके बाद राजेन्द्र पटेल व परिजन रेखा को निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और उसे भर्ती करवाया। इधर उपचार के दौरान रेखा की मौत हो गई।

जिस पर परिजनों ने मामले की सुचना कोतवाली थाना पुलिस व पीहर पक्ष को दी। सुचना पर कोतवाली थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। इधर सुचना पर पीहर पक्ष भी जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहा पर पीहर पक्ष ने मौत पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। जिस पर पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेसी खेमे के नाराज विधायकों की जासूसी

**जयपुर।** चिंतन शिविर से इतर राज्यसभा चुनावों से पहले कांग्रेसी खेमे के नाराज विधायकों ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। नाराज चल रहे विधायकों को मनाने के साथ डैमेज कंट्रोल का जिम्मा खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल लिया है। कांग्रेस विधायकों की उदयपुर में बाड़ेबंदी शुरू हो रही है। दो लग्जरी बसों से विधायकों को उदयपुर रवाना किया गया। अभी बसपा से कांग्रेस में आए चार विधायक और आधे निर्दलीय विधायक बाड़ेबंदी में नहीं पहुंचे हैं। सीएम के खास नेताओं ने पहले ही उदयपुर पहुंचकर चिंतन शिविर वाले होटल ताज अरावली में बाड़ेबंदी की व्यवस्थाएं संभाल ली हैं।

## किरोड़ी ने पुलिस को दिया गच्चा

**जयपुर।** राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के विधायक उदयपुर के लिए रवाना हो चुके हैं। निर्दलीय विधायकों पर भी पुलिस का पहरा है और इंटेलीजेंस भी पूरी नजर बनाए हुए। मगर इन सबके बीच एक बार फिर राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने पुलिस को गच्चा दे दिया। किरोड़ी एक वाहन में बिन तामझाम ही पर्यटन विश्वेंद्र सिंह के आवास पर पहुंच गए।

## सागवाड़ा में यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ यातायात पुलिस हुई सख्त



**सागवाड़ा।** यातायात पुलिस ने सागवाड़ा शहर में बेतरतीब खड़े वाहनों पर गुरुवार को शिकंजा कसा। यातायात पुलिस प्रभारी राजेंद्र सिंह की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने शहर की गामोठवाडा रोड पर स्थित दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने अवैध रूप से पार्क किए गए मोटरसाइकिलो के चालान काटे और मोटरसाइकिलो चालक मौके पर उपस्थित नहीं होने पर पुलिस ने 4 मोटरसाइकिलो को सागवाड़ा पुलिस थाने पहुचाने की कार्रवाई की। गौरतलब रहे कि पुलिस प्रशासन ने शहर में यातायात सुचारु रखने के मकसद से खुली सड़क के किनारे पर सफ़ेद लाइन लगाकर लोगों को वाहन पार्क करने की सुविधा भी दी है लेकिन कुछ लोग नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क खड़े करके चले जाते हैं जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। ऐसे गैर जिम्मेदाराना लोगों को सबक सिखाने के मकसद से यातायात प्रभारी राजेंद्र सिंह ने गुरुवार को शहर के सभी प्रमुख क्षेत्रों में टीम के साथ दौरा किया। इस दौरान बेतरतीब खड़े वाहनों के चालान काटे। उन्होंने गामोठवाडा रोड स्थित कोचिंग सेंटरों व लाइब्रेरी में अध्ययन करने वालो विद्यार्थियों द्वारा मुख्य सड़क पर नो पार्किंग जोन में पार्किंग किये मोटरसाइकिलो के चालान काटे वही चार मोटरसाइकिलो को सागवाड़ा पुलिस थाने पहुचाने की कार्रवाई की। यातायात प्रभारी राजेंद्र सिंह ने कई वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा। यातायात प्रभारी ने शहर वासियों से वाहनों को पार्किंग जोन में खड़े करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु रहे इसके लिए लोगों को भी अपनी जिम्मेवारी समझनी चाहिए। पुलिस का मकसद किसी को परेशान करना नहीं है लेकिन विवश होकर पुलिस को इस तरह की कार्रवाई करनी पड़ती है। इसके लिए लोग खुद ही जिम्मेवार हैं।

## डूंगरपुर शहर की वसुंधरा विहार कॉलोनी में धार्मिक आयोजन शुरू

**डूंगरपुर।** शहर की वसुंधरा विहार कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ शुरू हुआ। महोत्सव के पहले दिन मुरला गणेश मंदिर से गायत्री शक्ति पीठ तक 1100 दिव्य कलशो की शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शुरू होने से पहले बेणेश्वर धाम के पीठाधीश महंत अत्च्युतानंद महाराज द्वारा कलशो की मंगल आरती उतारी गई वही कलश यात्रा के जरिये ब्रम्हांड के 33 कोटि देवताओ को महायज्ञ में आने का निमंत्रण दिया गया।

शोभायात्रा में शामिल हुई महिलाओ ने केसरिया वस्त्र पहनकर सर पर कलश धारण किये और धार्मिक भजनों पर झूमते हुए महिलाए मुरला गणेश मंदिर से गायत्री शक्तिपीठ तक पहुची जंहा शोभायात्रा का समापन हुआ। इसके बाद शक्तिपीठ परिसर में एक धर्म सभा का आयोजन हुआ वही संतो ने धर्म सभा को संबोधित किया। 4 दिवसीय महोत्सव के तहत 5 जून तक गायत्री शक्तिपीठ परिसर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे वही आज शाम को केंद्रीय टोली शांतिकुंज हरिद्वार की और से भजन संध्या का आयोजन होगा।

## घर में फांसी के फंदे पर लटकी मिली छठी कक्षा की छात्रा

**परिजनों को हत्या कर शव लटकाने का जताया संदेह, पुलिस कर रही मामले की जांच**

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के देवल ख़ास गांव में छठी कक्षा की छात्रा का शव उसके घर में लटका हुआ मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। छात्रा का परिवार शादी में गया हुआ था। परिजनों ने मौत पर संदेह जताते हुए हत्या का आरोप लगाया है। सदर थाना पुलिस ने मृतका के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

वही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के सदर थाने के थानाधिकारी हजारीलाल ने बताया की देवल खास निवासी बाबूलाल मनात ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बाबूलाल मनात ने बताया है की कल बुधवार को परिवार के लोग करावाड़ा गांव में एक शादी समारोह में गए हुए थे । घर पर छठी कक्षा में पढ़ने वाली 12 वर्षीय बेटी कोमल मनात अकेली थी। कल शाम को 6 बजे बेटी कोमल ने फोन करके घर आने के बारे में उनसे पूछा था। इसके बाद बाबूलाल, उसकी पत्नी कल रात करीब 9 बजे शादी से वापस घर लोटे तो तो घर अन्दर बेटी कोमल को रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर लटका हुआ देखा। इससे परिवार के लोगो के होश उड़ गए। चिल्लाने और रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आ गए। बेटी कोमल को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद आज सुबह परिजनों ने मामले की सुचना सदर थाना पुलिस को दी।

सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इधर मृतका के पिता बाबूलाल ने बेटी कोमल की मौत पर शक जताते हुए हत्या के आरोप लगाए है। पिता ने कहा की उनकी बेटी सिर्फ 12 साल की है और वह फांसी नहीं लगा सकती है किसी ने उसकी हत्या कर के शव लटकाया है। जिस पर पुलिस ने मामले में निष्पक्ष जांच का भरोसा परिजनों को दिलाया। इसके बाद शव को डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए। शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सांसद कटारा के निवासी पर भाजपा नगर मंडल की बैठक हुई

## सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के कार्यक्रम को की चर्चा

**सागवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सागवाड़ा की अहम बैठक सांसद कनकमल कटारा के निवासी पर हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा नित केंद्र सरकार के सफल 8 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में 31 मई 2022 से 15 जून 2022 तक प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला संगठन के आदेशानुसार सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के कार्यक्रम आहूत करने पर चर्चा की गई।

केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंडल स्तर पर शक्ति केंद्र के माध्यम से बूथ स्तर तक मोर्चो एवं प्रकल्पों के माध्यम से जनता तक संदेश पहुंचाने के लिये होने वाले कार्यक्रमो की तैयारियों को लेकर सांसद कनकमल कटारा के मुख्य आथित्य में बैठक हुई। जिसमे सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उपरोक्त सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यक्रमों में प्रत्येक कार्यकता को l5 घण्टे सेवा कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई।

जिसमें किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पाटीदार, पूर्व जिला महामंत्री अशोक पटेल, अध्यक्ष श्याम भट्ट कार्यक्रम संयोजक, नानालाल दर्जी सह संयोजक, बनाया गया। बैठक में नरेन्द्र गोवाडिया, हरिश सोमपुरा, आशा पाटीदार, दीलीप पटेल, मंगलेश वाडेल, सजय जैन, प्रियंक भासरीया, जुगल पवार, बालू पाटीदार मौजूद थे। संचालन मनोज कसारा ने किया।



## भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला सम्मेलन 7 को गौरेश्वर में

**सागवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर और केंद्र सरकार की पजनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला सम्मेलन गौरेश्वर मंदिर में होगा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा ओबीसी मोर्चो का डूंगरपुर जिले का जिलास्तरीय कार्यक्रम सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गौवरेश्वर मंदिर प्रांगण दिवड़ा बड़ा में 7 जून को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जा रहा हे। जिसमे जिला संगटन के सभी वरिष्ठजन, ओबीसी मोर्चो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम की रुपरेखा तय करने ओबीसी मोर्चो सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सातो मंडल अध्यक्षो एवं पदाधिकारियों की बैठक ओबीसी मोर्चो के जिला महामंत्री दिलीप जी कलाल के निवास पर हुई। जिसमें मोर्चो के जिला मंत्री वासुदेव पाटीदार गोवाड़ी, सागवाड़ा मंडल अध्यक्ष विजय पंचाल, ओबरी मंडल अध्यक्षनाथूलाल पाटीदार, गोवरेश्वर मंडल अध्यक्ष जगदीश पाटीदार दिवड़ाबड़ा, महामंत्री मनोज पाटीदार दिवड़ा बड़ा, उत्तरमंडल अध्यक्ष ईश्वरलाल सेवक कराड़ा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रवीणजी पाटीदार जेठाना, सिद्धानाथ मंडल अध्यक्ष शिवरामजी पाटीदार कोकापुर, माण्डविया मंडल अध्यक्ष दिलीप पंचाल आंतरी, एवं चितरी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## जिस मुख्यमंत्री की सरकार जाती है, उस पर क्या बीतती है: गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्शन टेकन कैंप के समापन सत्र में बोलते हुए सचिन पायलट के बयान पर नाम लिए बिना पलटवार किया। गहलोत ने कहा- हमारी राजस्थान, छत्तीसगढ में सरकार रिपीट हो, एमपी में सरकार बने तब हम 2024 का लोकसभा चुनाव जीत पाएंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी अभी से करनी होगी। हारे क्यों, जीते क्यों यह तो सबको मालूम है। इस पर चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। जिस मुख्यमंत्री की सरकार चली जाती है, आप सोच सकते हैं कि उस पर क्या बीतती होगी। गहलोत ने कहा- जनता से कनेक्शन खत्म हो गया, राहुल गांधी का यह शब्द आंखें खोलने वाला है। इंदिरा गांधी के वक्त भी हार हुई, लेकिन उस वक्त इंदिरा गांधी थी। ढाई साल बाद वापस इंदिरा गांधी राज में आ गई। कई उतार चढ़ाव आए। चिंतन करें तो आज और उस समय की हालत में बहुत अंतर है। आज हमें 100 गुना मेहनत करने की जरूरत है। गहलोत ने कहा- चंद्रभानजी अभी कह रहे थे कि संगठन कमजोर है। वे राष्ट्रीय संदर्भ में कह रहे थे, सब जगह कांग्रेस की क्या हालत है, उससे आप वाकिफ है। जीत में हर कोई भागीदार बनना चाहता है, लेकिन हार का भागीदार कोई नहीं बनना चाहता। गहलोत ने कहा- सीबीआई, ईडी का दुरुपयोग हो रहा है। सोनिया गांधी को ईडी का नोटिस आ गया। आज वाजिब अली हमारे विधायक हैं, उन्हें ईडी का नोटिस आ गया। ओमप्रकाश हुड़ला को सीबीआई नोटिस आ गया, अभी टीवी पर चल रहा था। इतना आतंक मचा रखा है इन लोगों ने। इधर, विधायकों की जासूसी शुरू चिंतन शिविर से इतर राज्यसभा चुनावों से पहले कांग्रेसी खेमे के नाराज विधायकों ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। नाराज चल रहे विधायकों को मनाने के साथ डैमेज कंट्रोल का जिम्मा खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल लिया है। विधायकों पर इंटेलिजेंस की निगरानी बढ़ा दी गई है। छह विधायकों पर इंटेलिजेंस और पुलिस की खास नजर है। इन विधायकों के मिलने-जुलने वालों तक पर निगाह रखी जा रही है। इससे राज्यसभा चुनावों से पहले एक बार फिर विधायकों की जासूसी का मुद्दा गर्मा सकता है। सचिन पायलट खेमे की जुलाई 2020 में हुई बगावत और इससे पहले जून 2020 में हुए राज्यसभा चुनावों में भी यही पैटर्न अपनाया गया था। बताया जाता है कि पॉलिटिकल क्राइसिस मैनेजमेंट का अनुभव रखने वाले पुलिस अफसर पर्दे के पीछे एक्टिव हो गए हैं।